हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला-176215

क्रमांक हि०शि०बो० (37) DEB/ TET Exam-NOV-2024/ 43471-476 दिनांक 13-01-2025

"अधिसूचना"

अधिसूचित किया जाता है कि हिमचाल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आठ विषयों JBT, SHASTRI, TGT (NON-MEDICAL), L.T, TGT (ARTS), TGT (MEDICAL), PUNJABI & URDU की अध्यापक पात्रता परीक्षा नवंबर-2024 की परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 15-11-2024, 17-11-2024, 24-11-2024 व 26-11-2024 को प्रातःकालीन व सायंकालीन सत्रों में प्रदेश स्तर पर स्थापित विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया गया था, जिनका परीक्षा परिणाम आज दिनांक 13-01-2025 को घोषित किया जाता है। टैट परीक्षाओं हेतु विषयवार कुल प्राप्त आवेदनों, परीक्षा में उपस्थित परीक्षार्थी, अनुपस्थित परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित परीक्षार्थी एवं पास प्रतिशतता का विवरण निम्नलिखित है:

Sr No	Name of Examination	Date of Exam	No. of Candidates Applied	No. of Candidates Appeared	No. of Candidates Absent	UMC	No. of Candidates Passed	No. of Candidates Failed	RLE Due to Court Case	Pass % age
1	JBT TET	15-11-2024	6162	5674	488	NIL	2492	3182	----	43.92
2	Shastri TET	15-11-2024	1400	1293	107	NIL	862	431	----	66.67
3	TGT (Arts) TET	17-11-2024	13072	11760	1312	NIL	3554	8206	4	30.22
4	TGT (Medical) TET	17-11-2024	4612	4195	417	NIL	1152	3043	1	27.46
5	TGT(Non-Medical) TET	24-11-2024	7177	6621	556	NIL	1805	4816	1	27.26
6	Language Teacher TET	24-11-2024	2508	2286	222	NIL	1156	1130	----	50.57
7	Punjabi TET	26-11-2024	88	61	27	NIL	3	58	----	4.92
8	Urdu TET	26-11-2024	12	6	6	NIL	2	4	----	33.33
TOTAL			35031	31896	3135		11026	20870	6	

उपरोक्त अध्यापक पात्रता परीक्षाओं का परीक्षा पूर्व में जारी अस्थाई उत्तरकुंजी (Provisional Answer Key) मे दर्ज उत्तरों के संदर्भ में परीक्षार्थिओं द्वारा दर्ज करवाई गई आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों से समीक्षा करवाने उपरांत तैयार की गई अंतिम उत्तरकुंजी (Final Answer Key) के अनुसार तैयार किया गया है। जबकि माननीय न्यायालय में विचाराधीन मामलों दृष्टिगत 6 अभियर्थियों का परीक्षा परिणाम लंबित रखा गया है। परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर TET November-2024 लिंक पर जाकर अपना रोल नंबर या एप्लीकेशन नंबर डालकर अपना परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते है।

उक्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु प्रमाण पत्र Digilocker पर भी उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम सम्बन्धी अन्य जानकारी के लिए परीक्षार्थी दूरभाष नंबर 01892-242192 पर भी संपर्क कर सकते है।

सचिव

पृष्ठांकन संख्या यथोपरि:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, शिक्षा निदेशालय, शिमला को सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
3. समस्त उप सचिव, सहायक सचिव एवं अनुभाग अधिकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
4. प्रभारी डाटा सेंटर को इस आशय से प्रेषित है कि अधिसूचना को बोर्ड वेबसाइट पर अपलोड करे।
5. वरिष्ठ आशुलिपिक/ आशुटंकक माननीय अध्यक्ष, व सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
6. प्रभारी लोक संपर्क हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।

सचिव